हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

04 खुले आसमान में विराजे पाताल कोटी सूरजमुखी...



07 शहर की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे, जगह...





## खबर संक्षेप

### सत्य साई संगठन का सेवा साधना शिविर 5 अप्रैल को

**सागर।** श्री सत्य साई सेवा संगठन 5 अप्रैल, रविवार को प्रांत स्तरीय सेवा साधना शिविर का आयोजन कर रहा है। जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा और संयोजक जितेंद्रजीत सिंह यादव ने बताया कि आयोजन श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट की भाग्योदय रोड ब्रिज स्थित सिंधी धर्मशाला में सुबह 10.30 से किया गया है । जिसमें सभी जिलों के 350 पुरुष और महिला पदाधिकारी शामिल होंगे। शिविर में सत्य साई बाबा के एक सौ वे जन्मोत्सव के तहत आंतरिक रूपांतरण पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत व्यक्तिगत और सामूहिक सेवा के रूप में समाजोपयोगी कार्य में वृद्धि करने पर प्रांतीय, जिला व समिति स्तर के पदाधिकारी मंथन करेंगे।

### सर्व दलीय मोर्चा ने पुणे ट्रेन चलाने की मांग की

**सागर।** एकता समिति द्वारा कटनी-बीना होकर पुणे के ट्रेन चलाने की मांग को लेकर पोस्ट कार्ड अभियान जारी है। इस कड़ी में आज सर्व दलीय मोर्चा के संयोजक, वरिष्ठ समाजसेवी रघु ठाकुर ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के लिए पोस्टकार्ड लिख कर समर्थन किया। ठाकुर ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के हजारों परिवार पुणे में कार्यरत हैं, इन परिवारों को आने-जाने में सीधे कोई ट्रेन नहीं है, कटनी-बीना होकर पुणे के लिए ट्रेन चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के लिए ट्रेन चलाने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से चर्चा हुई है, शीघ्र सफलता की उम्मीद है। इस अवसर पर सुधीर जैन, चंपक भाई, शरद गुप्ता, डा विनोद तिवारी, राजेन्द्र सोनी, प्रमोद चौरसिया उपस्थित थे।

### खुरई में तालाब घाटों का हो रहा सौंदर्यीकरण

**खुरई।** सागर जिले अंतर्गत नगर पालिका खुरई द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत तालाब घाटों के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह कार्य कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार संचालित हो रहा है, जिसमें नगर के प्रमुख जल स्त्रोतों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों के घाटों की सफाई, मरम्मत, रंग-रोगन तथा आवश्यक संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं। साथ ही, जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं। नगर पालिका का उद्देश्य न केवल जल स्त्रोतों को संरक्षित करना है, बल्कि उन्हें आमजन के लिए उपयोगी और आकर्षक बनाना भी है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जल संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है।

### बेटियों की सुरक्षा को लेकर महिला कांग्रेस ने की पत्रकार वार्ता

**सागर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका लांबा एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देशों के अनुरूप जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस नेत्री डॉक्टर किरण लता सोनी ने पत्रकार वार्ता का आयोजन कर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और उन्हें महिला उत्पीड़न का जिम्मेदार ठहराया । कांग्रेस नेत्री किरण लता सोनी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नारा देती है की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लेकिन किस बेटी को बचाएं सबसे बड़ी दुश्मन तो भाजपाई है। भाजपा राज में महिलाओं की सुरक्षा संभव नहीं है।पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉक्टर किरण लता सोनी ने कहा कि देश की सरकार एपिस्टिन की यार बनकर काम कर रही है तो उनसे महिला सुरक्षा की कैसे कल्पना की जा सकती है। कितने दुख की बात है कि फाइल में नाम आने के बाद भी बेशर्मों की तरह मंत्रि पद पर जमे हुए हैं। इस्तीफा नहीं दे रहे हैं।

संदीपनी विद्यालय में आयोजित प्रवेश उत्सव में शामिल हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

# हर घर में शिक्षा का दीप जले, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करती: राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हर घर में शिक्षा का दीप जले, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे एवं शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करती है। उक्त विचार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर में सांदीपनि विद्यालय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर पार्षद रुपेश यादव, पप्पू फुसकेले, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा, प्राचार्य विनय दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अभिभावक, अधिकारी एवं छात्राएं मौजूद थी।



प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि आज हम सब यहाँ प्रवेश उत्सव के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता, नए सपनों की शुरुआत और उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम है। उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव का मुख्य उद्देश्य है कि हर बच्चा विद्यालय से जुड़े, शिक्षा प्राप्त करे और अपने जीवन को सफल बनाए। शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करती है। जब कोई बच्चा पहली बार विद्यालय की दहलीज पर कदम रखता है, तो वह केवल स्कूल में प्रवेश नहीं करता, बल्कि वह ज्ञान, संस्कार और आत्मनिर्भरता की दुनिया में प्रवेश करता है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे देश में आज भी कई बच्चे ऐसे हैं जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। प्रवेश उत्सव हमें यह संदेश देता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से दूर न रहे। हमें मिलकर यह प्रयास करना चाहिए कि हर घरे का हर बच्चा स्कूल जाए और अपने सपनों को पूरा करे। नए विद्यार्थियों के लिए यह दिन बहुत खास होता है। उनके मन में उत्साह, जिज्ञासा और कुछ नया सीखने की इच्छा होती है। विद्यालय उन्हें न केवल किताबों का ज्ञान देता है बल्कि अनुशासन, नैतिकता सहयोग और जीवन जीने की कला भी सिखाता है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि मैं सभी अभिभावकों से चाहूँगा कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें, क्योंकि आज की शिक्षा ही कल का सशक्त भारत बनाएगी। प्रवेश उत्सव के माध्यम से हम सभी यह संकल्प लें कि शिक्षा का दीप हर घर में जले और कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे। मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा सांदीपनि विद्यालय का नाम इसलिए रखा की उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में भगवान श्री कृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा आप सभी बच्चों के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क साइकिल, निःशुल्क स्कूटी, लैपटॉप के साथ अन्य प्रकार की छात्रवृत्तियां देने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि आप केवल पढ़ाई का कार्य करें आपको सभी संसाधन सरकार मुहैया कराएगी।

इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह बिशेन ने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार विद्यार्थियों के लिए लगातार उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि संदीपनी विद्यालय के माध्यम से अत्यधिक सर्व सुविधा युक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद जैन कहां की आज प्रवेश उत्सव के माध्यम से नया सत्र शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज सागर के लिए बड़ा गौरव का दिन है जब मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आप सबके बीच में मौजूद हैं उन्होंने कहा कि अच्छी से अच्छी शिक्षा देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस असवर पर संस्था के प्राचार्य विनय दुबे ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

मंत्री राजपूत ने कार्यक्रम के पूर्व में सरस्वती पूजन की एवं छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। मंत्री राजपूत के द्वारा मेधावी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्रों को प्रमाण पत्र मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रचना तिवारी ने किया जबकि आभार गिरीश मिश्रा ने माना इस अवसर पर ब्लॉक परियोजना अधिकारी अनिरुद्ध डीम्हा, देवेंद्र चौबे, यश गोवर्धन चौबे, यूबीएस गौर सहित अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षक मौजूद थे।



## गढ़ाकोटा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न, बच्चों को मिला सम्मान और स्नेह

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में बुधवार के दिन मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सांदीपनी शासकीय साबूलाल उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एस. के. ठाकुर एवं जयकांत खरे ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में मनोज तिवारी ने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों की मुस्कान और उत्साह यह संदेश देता है कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सच्ची कुंजी है। विद्यालय का पहला कदम ही जीवन की मजबूत नींव रखता है और यहीं से बच्चों के सपनों को उड़ान मिलती है। इस दौरान वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें पुस्तकें वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात मनोज तिवारी ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर पूड़ी-खीर का भोजन किया और उनके साथ आत्मीयता का आनंद साझा किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों सहित पार्षदगण और शिक्षकगण, बच्चे मौजूद रहे।



## रुद्राक्षधाम स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर प्रातः 7 से रात्रि 11 बजे तक दर्शन-पूजन हेतु खुला रहेगा

**सागर।** अंजनीपुत्र वीर हनुमान जी के प्रकटोत्सव के पुण्य पर्व पर 2 अप्रैल को शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी का दिव्य और भव्य मंदिर सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रातः 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक दर्शन-पूजन हेतु खुला रहेगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है और पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रकटोत्सव के तहत विशेष पूजन-अर्चन, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड, प्रसादी वितरण एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाएगा, जो भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि इस अवसर पर दर्शन-पूजन हेतु रुद्राक्ष धाम मंदिर में सादर आमंत्रित हैं। उल्लेखनीय है कि गत 1 फरवरी,2026 को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित भव्य मंदिर में श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक संपन्न हुई थी।



## किसानों ने भूसे की ट्रालियों से हाईवे पर लगाया चक्काजामः खुरई-सागर रोड पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में एसडीएम की ओर से प्रदूषण फैलने के कारण भूसा खरीदी बंद करने के निर्देश दिए जाने के बाद व्यापारियों ने खरीदी रोक दी। इससे नाराज किसानों ने बुधवार को नेशनल हाईवे खुरई-सागर रोड पर भूसे से भरी ट्रालियों को खड़ा कर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।यह घटना खुरई के सागर रोड आचार्य विद्यासागर तिराहा के पास हुई। यहां भूसा खरीदी टालों से लगातार भूसा उड़ने के कारण प्रदूषण फैलने की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के मद्देनजर एसडीएम मनोज चौरसिया ने सभी भूसा व्यापारियों को नोटिस जारी कर भूसे की खरीदी बंद करने या ढककर खरीदी करने के निर्देश दिए थे, ताकि लोगों को परेशानी न हो। एसडीएम के निर्देशों के बाद भूसा व्यापारियों ने खरीदी बंद कर दी। हालांकि, इस फैसले की जानकारी न होने के कारण बुधवार को भी बड़ी संख्या में किसान रोजाना की तरह ट्रालियों में भूसा भरकर बेचने के लिए पहुंचे। खरीदी बंद देखकर किसान आक्रोशित हो गए। आक्रोशित किसानों ने नेशनल हाईवे पर भूसे की ट्रालियों को रखकर आचार्य विद्यासागर तिराहा पर चक्काजाम लगा दिया। इससे सागर-बीना नेशनल हाईवे पूरी तरह बंद हो गया। तिराहे के तीनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत की और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इस दौरान भूसा व्यापारियों ने एसडीएम से फोन पर संपर्क किया। एसडीएम ने उन्हें वर्तमान में भूसा खरीदी जारी रखने के निर्देश दिए, जिसके बाद खरीदी फिर से शुरू हुई और किसानों ने जाम खोल दिया।

## सांदीपनि विद्यालय रहली में हर्षोल्लास के साथ मना प्रवेशोत्सव, नन्हे सितारों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

शासकीय सांदीपनि विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का भव्य शुभारंभ 'प्रवेशोत्सव' के रूप में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम के दौरान पारुल यादव और सोहनी नामदेव ने सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी, वहीं प्रशांत नामदेव ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय की प्राथमिक एवं माध्यमिक विंग की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के भोपाल से प्रसारित लाइव संबोधन को भी टेलीविजन के माध्यम से सुना।

### शिक्षा के क्षेत्र में 'सांदीपनि' एक बड़ी सौगातः स्वाति

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक संचालक (लोक शिक्षण) स्वाति दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा सांदीपनि विद्यालय के रूप में क्षेत्र को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान की सौगात मिली है। यहाँ का कर्मठ और विद्वान स्टाफ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।



### नियमित पढ़ाई पर जोर

विद्यालय के प्राचार्य दिलीप चौबे ने छात्र-हित में घोषणा करते हुए कहा कि आगामी सत्र में विद्यालय को नवीन भवन की सौगात मिलने वाली है। उन्होंने बताया कि कक्षाओं का संचालन 1 अप्रैल से विधिवत प्रारंभ हो चुका है और उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील की।

### निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण

प्रवेशोत्सव के विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ, विद्यार्थी और अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव की जन्मजयंती पर किया स्मरण

**सागर।** हरित क्रांति के अग्रदूत, किसानों, पिछड़ा, गरीबों के मसीहा और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव की 80वीं जन्मजयंती पर शहर सेवादल परिवार ने उन्हे स्मरण किया। इस अवसर पर शहर सेवादल अध्यक्ष ने उनके सहकारिता के लिये किये गये कार्यों को याद कर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बताया कि आपका संपूर्ण जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, न्याय और समानता के लिए समर्पित रहा। सहकारिता आंदोलन को मजबूती देने और किसानों के हक की लड़ाई लड़ने में आपका योगदान अविस्मरणीय है। सेवादल अध्यक्ष के साथ रामगोपाल यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, रवि जैन, अन्नू घोषी, पकंज सोनी, राकेश जैन, आकाश नामदेव आदि सेवादल परिवार जन उपस्थित रहे।



बेटियों की शिक्षा हमारी प्राथमिकताः गोपाल भार्गव

# प्रवेश उत्सव पर ही बेटियों को मिली सौगातः विधायक गोपाल भार्गव ने छात्राओं को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नए शिक्षा सत्र के पहले दिन जहाँ छात्र-छात्राओं का उत्साह चरम पर था, वहीं रहली के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 'प्रवेश उत्सव' बेटियों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया।

### पुष्प वर्षा से हुआ नए छात्रों का स्वागत

एक अप्रैल से शुरू हुए नए शिक्षण सत्र के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और वंदना से हुई। स्कूल पहुंचे नए छात्रों का विधायक गोपाल भार्गव और नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। तिलक लगाकर और फूल बरसाकर छात्रों का अभिनंदन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना समाज और शासन की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ₹शासन द्वारा छात्राओं के लिए साइकिल वितरण जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि दूरी या संसाधनों की कमी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने।₹ उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान बीओ स्वाति दुबे, प्राचार्य विजय पचौरी, शिव शंकर रैकवार, डॉक्टर संजय दुबे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## सफलता की कहानीः सागर की यामिनी मौर्य ने अंतर्राष्ट्रीय जूडो में जीता स्वर्णपदक

**सागर।** सागर जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी यामिनी मौर्य ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। 28 से 29 मार्च को सेनेगल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में यामिनी मौर्य ने 57 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यामिनी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सागर नरयावली क्षेत्र के विधायक प्रदीप लारिया ने उनके पिता हरिओम मौर्य, माता मिथलेश मौर्य एवं कोच दीपक कुमार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यामिनी की सफलता क्षेत्र के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मध्यप्रदेश जूडो एसोसिएशन के सचिव नरेश ट्वारे, टेक्निकल चेयरमैन तथा अंतर्राष्ट्रीय रेफरी डॉ. पूनिमा विसेन सहित अन्य खेल पदाधिकारियों ने भी यामिनी और उनके कोच को शुभकामनाएं दीं। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि भविष्य में क्षेत्र के और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर प्रभूदयाल पटेल, सौरभ केशरवानी, रामप्रसाद विश्वकर्मा, योगेश पटेल एवं आशुतोष ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी बधाई दी।



## राष्ट्रीय स्तर पर गीता प्रेस के हनुमान विशेषांक में भी प्रकाशित है मंदिर की महिमा


# खुले आसमान में विराजे पाताल कोटी सूरजमुखी स्वयंभू हनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

बुंदेलखंड की आस्था, परंपरा और रहस्य से जुड़ा पाताल कोटी सूरजमुखी हनुमान मंदिर आज भी श्रद्धालुओं के लिए चमत्कार और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इस अद्भुत धाम की महिमा और बढ़ जाती है, जहां दूर-दूर से भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं। हनुमान जयंती पर इस प्रसिद्ध रहस्यमयी हनुमान मंदिर में जिले का प्रसिद्ध व ऐतिहासिक आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें हनुमान जयंती के अवसर पर शोभायात्रा, भंडारे, पूजा अर्चना की जाती है।

टीकमगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर बड़ागांव कस्बे में स्थित यह मंदिर कालांतर से आस्था का केंद्र रहा है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि उन्होंने पीढ़ियों से हनुमानजी को इसी स्थान पर विराजमान देखा है। मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं के मंदिर तो बने हुए हैं, लेकिन हनुमानजी की प्रतिमा आज भी खुले आसमान के नीचे विराजमान है। प्रतिमा के पास लगे तीन वृक्षों को श्रद्धालु भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता का प्रतीक मानते हैं, जो हनुमानजी को छाया प्रदान करते हैं। जनश्रुति के अनुसार, हनुमानजी की यह प्रतिमा स्वयंभू रूप में पाताल से प्रकट हुई है। मान्यता है कि प्रतिमा का एक चरण धरती के भीतर पाताल लोक तक समाया हुआ है। वर्षों पहले कुछ लोगों ने इसकी गहराई जानने के लिए खुदाई कराई थी, लेकिन 40 से 45 फीट तक खुदाई के बाद भी प्रतिमा के चरण का अंत नहीं मिल सका। यही कारण है कि इस स्थान को पाताल कोटी हनुमान धाम कहा जाता है। एक और विशेष मान्यता यह भी है कि इस प्रतिमा पर छत या मंदिर निर्माण नहीं किया जा सकता। कई बार प्रयास किए गए, लेकिन वे सफल नहीं हुए। वर्षों से धूप, बारिश और आंधी के बीच भी प्रतिमा बिना किसी क्षति के सुरक्षित है, जिसे श्रद्धालु चमत्कार मानते हैं। इस धाम में वर्ष भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन हनुमान जयंती पर यहां विशेष आयोजन होते हैं। इस अवसर पर पूजा-अर्चना, शोभायात्रा और भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।




के प्रसिद्ध श्रीहनुमान-मन्दिर

मनःकामना सहज ही पूर्ण होती है। श्रावण मासमें बालस्वरूप हनुमानके झूलेके शृङ्गार एवं दर्शन होते हैं।

**खंडवा ओंकारेश्वर**—यह खंडवा-इंदौरके बीचका स्टेशन है। यहाँ ज्योतिर्लिङ्ग है। पर्वतके शिखरपर विशाल लिङ्ग-मूर्तिका मन्दिर है। इस मन्दिरके सामने हनुमानजीकी लेटी हुई विशाल मूर्ति है। श्रीहनुमानजीकी ऐसी मूर्ति मालवामें अन्य स्थानपर नहीं है।

**टीकमगढ़**—टीकमगढ़ मध्यप्रदेशका प्रसिद्ध स्थान है। नयी कलक्टरी कचहरीके पास 'हनुमान-चालीसा'के नामसे मीनारके आकारका एक मन्दिर स्थित है। इसे टीकमगढ़-नरेश महाराज श्रीवीरसिंहजीने बनवाया था। यह चालीस फुट ऊँचा है। इसके अंदर करीब ढाई सौ चक्करदार सीढ़ियाँ हैं। ऊपर अञ्जनीकुमारकी सुन्दर प्रतिमा है। मन्दिरकी कला आश्चर्यजनक है।

**बड़ागाँव**—टीकमगढ़से १५ मील पूर्व बड़ागाँव नामक स्थानपर स्वतः प्रकट मारुति-प्रतिमा स्थित है। यह प्रतिमा एक विशाल पीपल-वृक्षके नीचे है। इनका एक चरण ऊपर है एवं दूसरा चरण नीचे पृथ्वीमें धँसा हुआ। जो चरण पृथ्वीमें धँसा है, उसका आजतक पता नहीं चल पाया कि वह कितनी गहराईमें है। कुछ मनचले युवकोंने इस गहराईका पता लगानेके निमित्त चरणके आसपास खुदाई करनी प्रारम्भ की। ४०-४५ फुटकी गहराईतक खोद भी डाला, किंतु उसका पता न लग सका।

—श्रीलखनलाल भारती रामटौरिया

**दतिया**—झाँसीसे १६ मीलपर दतिया स्टेशन है। इसीके पास ही उड़नू टौरिया नामक एक ऊँचा स्थान है। उस टौरियापर श्रीहनुमान-मन्दिर है। टौरियाको हनुमानकिला भी कहते हैं। मन्दिरमें जानेके लिये लगभग ३६० सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं। श्रावणीसे लेकर तीजतक वहाँ बड़ी भीड़ होती है। स्वयं दतिया गाँवमें भी हनुमानजीका एक सुन्दर मन्दिर है।

### गीता प्रेस के हनुमान विशेषांक में भी दर्ज है बड़ागांव धाम की महिमा

सुप्रसिद्ध गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित कल्याण हनुमान विशेषांक में भी बड़ागांव स्थित हनुमान प्रतिमा का उल्लेख मिलता है। इस विशेषांक में देशभर के प्रसिद्ध रहस्यमयी मंदिरों की महिमा का वर्णन किया गया है। इस विशिष्ट किताब में लेखक लखनलाल भारती राम पटैरिया ने उल्लेख किया है कि टीकमगढ़ से लगभग 15 मील दूर बड़ागांव धसान में स्वयंभू मारुति नंदन हनुमानजी की प्रतिमा स्थित है, जहां प्रतिमा का एक चरण पृथ्वी के ऊपर और दूसरा चरण धरती के भीतर धंसा हुआ है। बताया गया है कि प्रतिमा के धंसे हुए चरण की गहराई जानने के लिए खुदाई कराई गई थी, लेकिन 40-45 फीट खुदाई के बाद भी उसकी गहराई का अंत नहीं मिल सका। धार्मिक मान्यताओं और ऐतिहासिक उल्लेखों के कारण बड़ागांव का यह हनुमान धाम बुंदेलखंड क्षेत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण आस्था केंद्र माना जाता है।

## ग्रामीणों ने की सड़क किनारे सुरक्षा इंतजाम की मांग

# तेज रफ्तार एसयूवी जा गिरी कुएं में, दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मजगुवां में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते होते टल गया, जब एक एसयूवी कार अनियंत्रित होकर सीधे कुएं में जा गिरी। कार में सवार दो लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे उनकी जान बाल बाल बच गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, कार ग्राम बरेठी की बताई जा रही है और दिगौड़ा क्षेत्र की ओर आ रही थी। बताया जा रहा है कि ग्राम मजगुवां के पास मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार सीधे सड़क किनारे स्थित कुएं में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार कुएं में गिरते ही जोरदार आवाज हुई, जिसे सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि कार में सवार दोनों लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए कार पूरी तरह डूबने से पहले ही बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें कुएं से बाहर निकाला। हादसे में दोनों लोगों को हल्की चोटें आई हैं, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। वहीं ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरी कार को निकालने के प्रयास शुरू किए गए। देर शाम तक जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से वाहन को बाहर निकालने की तैयारी की गई। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है वहां सड़क के किनारे सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं और कुआं भी खुला हुआ है, जिसके कारण पहले भी हादसे की आशंका जताई जा चुकी थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कुएं के चारों ओर सुरक्षा दीवार बनाई जाए तथा सड़क किनारे बैरिकेड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा और खुले कुओं की समस्या को उजागर करती है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# लापरवाह अधिकारियों पर कलेक्टर की सख्ती, 3 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

**आवास प्लस सर्वे में दिया कारण बताओ नोटिस, जवाब न देने पर होगी कार्यवाही**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2024 सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। कलेक्टर की इस कार्रवाई से जनपद पंचायत स्तर पर हड़कंप की स्थिति बन गई है और लंबित कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवास प्लस 2024 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे, डाटा पुष्टि एवं सत्यापन कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में चेकर नियुक्त किया गया था, लेकिन लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी सर्वे सत्यापन कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। इस लापरवाही के कारण हितग्राहियों का सत्यापन लंबित है और योजना की प्रगति प्रभावित हो रही है। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा सहायक प्रबंधक एनआरएलएम जनपद पंचायत टीकमगढ़ सुशील खरे, पीसीओ चेकर आवास प्लस सर्वे 2024 चंद्रभूषण श्रीवास्तव तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद पंचायत टीकमगढ़ चंद्रप्रकाश झा को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी किये गये नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संबंधित अधिकारियों का यह कृत्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की घोर अवहेलना, स्वैच्छाचारिता तथा शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अगर नियत समयावधि में संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया तो संबंधितों के विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय की इस सख्त कार्रवाई को प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की जनहितकारी योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रेत माफिया पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

**नदी में डला लिफ्टर जब्त कर मौके पर ही जेसीबी से तोड़कर किया नष्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में खनिज विभाग के साथ मिलकर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने लिधोरा तहसील के रतनगुवा गांव स्थित नदी क्षेत्र के डोडा घाट पर आकस्मिक छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रेत खनन में उपयोग किया जा रहा लिफ्टर जब्त कर मौके पर ही जेसीबी से नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

जानकारी के अनुसार, जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अचानक डोडा घाट पहुंचकर नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां नदी के बीच में अवैध रूप से रेत निकालने के लिए लिफ्टर मशीन डली हुई पाई गई। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन को मौके पर बुलबाया और उसकी मदद से लिफ्टर को नदी से बाहर निकलवाया और फिर मौके पर ही उसे जेसीबी मशीन से तोड़कर नष्ट कर दिया, ताकि दोबारा उसका उपयोग अवैध खनन में न हो सके। इसके अलावा उक्त कार्रवाई के दौरान नदी किनारे अवैध रूप से जमा किये गये रेत के बड़े बड़े ढेर भी पाए गए, जिन्हें छापामार टीम ने जेसीबी के माध्यम से वापस नदी क्षेत्र में बने गड्ढों में फैलवा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में की गई उक्त संयुक्त कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी कुलदीप जैन, नायब तहसीलदार सावंत सिंह, नायब तहसीलदार कसोरिया, पुलिस बल, पटवारी एवं खनिज विभाग का अमला मौजूद रहा। उल्लेखनीय है कि जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत प्रशिक्षण से लौटने के बाद से लगातार जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग की टीम दिन के साथ साथ देर रात में भी संभावित अवैध खनन क्षेत्रों में लगातार दबिश दे रही है। जहां भी अवैध खनन या रेत माफियाओं की गतिविधियां मिल रही हैं, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्यवाही के द्वारा प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि जिले में अवैध रेत उत्खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध खनन में लिप्त लोगों में भय का माहौल है, वहीं आम लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की है। अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन का यह अभियान आगे और तेज होने की संभावना है।





## कुछ महीनों में ही उखड़ी सीसी सड़क

### पार्षद ने खोला मोर्चा, जांच व कार्रवाई के लिए सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**पलेरा।** नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 7 में नालंदा स्कूल के पास बनाई गई सीसी सड़क कुछ ही महीनों में उखड़ने लगी है, जिससे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। सड़क की हालत सामने आने के बाद मामला अब गर्मा गया है। वार्ड पार्षद दीपा मुकेश यादव ने नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय को लिखित ज्ञापन देकर घटिया निर्माण और कमीशनखोरी की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



वार्ड पार्षद यादव दीपा सहित स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ माह पूर्व ही बनाई गई सीसी सड़क जगह जगह से उखड़ रही है, जिससे साफ प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। लोगों का कहना है कि सीसी सड़क की निर्धारित आयु 15 से 25 वर्ष मानी जाती है, लेकिन यहां सड़क एक वर्ष भी नहीं टिक पा रही है। इससे निर्माण कार्य में सीमेंट और गिट्टी की मात्रा कम उपयोग किए जाने तथा सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद के उपयंत्री की मिलीभगत से ठेकेदार को भुगतान कर दिया जाता है, जबकि मौके पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब रहती है। इस कारण नगर में हो रहे विकास कार्यों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और आम जनता को खराब सड़कों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद दीपा मुकेश यादव ने नगर परिषद सीएमओ को शिकायत आवेदन सौंपकर पूरे मामले की जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने तथा सड़क का पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराए जाने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं हुई तो मामले को उच्च स्तर तक ले जाया जाएगा। इधर, सड़क उखड़ने से वार्डवासियों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि विकास के नाम पर सिर्फ कागजों में काम हो रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर घटिया निर्माण किया जा रहा है। अब लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है कि दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है। यह मामला सामने आने के बाद नगर में कराए गए अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

**इनका कहना है...**

सीसी निर्माण कार्य को लेकर सामने आई शिकायत के तहत जांच की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

शिवि उपाध्याय, सीएमओ, नगर पंचायत पलेरा

## पंचकल्याणक महोत्सव में मनाया ज्ञान कल्याणक

**बड़ागांव धसान।** श्री दिगंबर जैन मंदिर लार में आयोजित पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के पांचवें दिन भगवान आदिनाथ का ज्ञान कल्याणक हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालक आदिनाथ की मुनि अवस्था का भावपूर्ण चित्रण किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महोत्सव के दौरान आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए बताया कि मुनि आदिनाथ ने छह माह तक कठोर तपस्या की और जब वे प्रथम बार आहार के लिए निकले तो उस समय लोगों को जैन मुनियों के आहार विधि का ज्ञान नहीं था। लंबे समय तक आहार की विधि की जानकारी न होने के कारण उन्हें आहार नहीं मिल सका। बाद में



राजा श्रेयांश को पूर्व जन्म के अवधि ज्ञान से यह ज्ञात हुआ, जिसके बाद उन्होंने नवधा भक्ति पूर्वक मुनि आदिनाथ का पड़गाहन कर प्रथम आहार अर्पित किया। जैन धर्म में ज्ञान कल्याणक का विशेष महत्व माना जाता है, क्योंकि इसी दिन तीर्थंकर भगवान को केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी। आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य को ऐसा जीवन जीना चाहिए जो समाज के लिए उदाहरण बने। उन्होंने कहा कि महान व्यक्ति सबके बीच रहते हुए भी अपने विचारों और चरित्र से अलग पहचान बनाता है। संयम, चरित्र और सदाचार ही मोक्ष मार्ग का रास्ता है और व्यक्ति को स्वयं को इतना श्रेष्ठ बनाना चाहिए कि समाज उसे देखकर स्वयं बदलने की प्रेरणा ले। महोत्सव में क्षेत्रीय विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ अर्जित किया।

छात्राओं को मिली किताबें व साइकिल, बेटी पढ़ेगी तो भविष्य बढ़ेगा का दिया संदेश

# नामांकन बढ़ाने व ड्रॉपआउट रोकने की पहल, प्रवेश उत्सव आयोजित




**टीकमगढ़।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित एवं कक्षा उन्नति प्राप्त करने वाली छात्राओं का स्वागत कर उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों तथा साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा साधन बताया।

इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, विकास यादव, स्वप्निल तिवारी, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं, जिससे उन्हें सत्र प्रारंभ होते ही पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही दूरस्थ ग्रामों से आने वाली छात्राओं को साइकिल वितरण भी किया गया, ताकि वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकें और उनकी पढ़ाई बाधित न हो। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों में से सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बेटियां आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। शासन द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य भी यही है कि बेटियों को शिक्षा से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाया जाए। बही सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं, वहीं साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है, ताकि बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिल सके और ड्रॉप आउट दर कम हो। शासन की मंशा है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है।

## ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे स्वीकृत

# ओरछा को मिली अब तक की सबसे बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन नगरी ओरछा के लिए अब तक की सबसे बड़ी मेगा सौगात के रूप में ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे को स्वीकृति मिल गई है। लगभग 631 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह हाईवे झांसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग को झांसी ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और आवागमन को नई गति मिलेगी। उक्त बड़ी सौगात भाजपा नेता विकास यादव द्वारा लिखे गये पत्रों और प्रयासों के चलते साकार हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार ओरछा को विश्व धरोहर के रूप में विकसित करने की दिशा में यह परियोजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से केंद्र सरकार द्वारा इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह हाईवे वनगाय खास से शुरू होकर मजरा वनगाय, जमुनिया खास, रुदमकोरा, रामनगर, ढिमरपुरा, कुंअरपुरा, बबेडी, प्रतापपुरा, जमुनिया भाटा, गुजर्रा खुर्द, मथुरा पुरा एवं सैन्यर ग्राम से होकर निकलेगा। इसकी लंबाई लगभग 15 किलोमीटर होगी। बताया गया है कि इस हाईवे की मांग भाजपा नेता विकास यादव द्वारा की गई थी, जिस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग 26 को राष्ट्रीय राजमार्ग 76 से जोड़ने के लिए ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था। इस प्रस्ताव पर कार्यवाही करते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मार्ग को वार्षिक योजना 2025-26 में शामिल किया गया और बिगत 31 मार्च को इसकी प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई।



इस हाईवे के निर्माण से ओरछा आने वाले देश विदेश के पर्यटकों को बेहतर और तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे पर्यटन व उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के गांवों के विकास के नए रास्ते खुलेंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार, व्यापार और परिवहन की बेहतर सुविधाएं मिलने की भी उम्मीद है। ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की स्वीकृति मिलने पर भाजपा नेता विकास यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस परियोजना को ओरछा के विकास की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है।

### 42 सफाई कर्मचारी निकाले जाने का शहर की सफाई पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव

# शहर की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे, जगह-जगह कचरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों शहर की सफाई व्यवस्था में भारी गिरावट देखी जा रही है जिस तरह की सफाई व्यवस्था अमूमन होती है वैसी अब नहीं हो रही है। खासकर शहर के बाजारों में ही कचरे के ढेर दिन उगने तक पड़े रहते हैं। जिससे मॉर्निंग वॉक के लिए निकलने वालों को प्रदूषण से दो-चार होना पड़ रहा है। कुछ लोग इसे नगर पालिका के सफाई कर्मियों की लापरवाही बता रहे हैं तो कुछ हाल ही में निकाले गए 42 सफाई कर्मचारियों के कारण सफाई व्यवस्था बदहाल होना बता रहे हैं।

शहर के बाजारों में खासकर सुबात चौराहा टोड़ी गणेश मंदिर सब्जी मंडी वाला रास्ता, पुल दरवाजा के पास चौक में, चार खंबा मेला ग्राउंड के सामने, पटेल चौक, इत्यादि 43 स्थान ऐसे हैं जहां पर दिन उगाने के बाद सुबह 9:00 बजे तक कचरे के ढेर पड़े रहते हैं यह स्थान नगर पालिका ने कचरा पॉइंट बनाए हुए हैं जिसके कारण आसपास साफ सफाई कर कर्मचारी एक जगह देर कर देते हैं और नगर पालिका के ट्रैक्टर ट्राली इन्हें भरकर टचिंग ग्राउंड ले जाते हैं यह काम सुबह होने से पहले ही कर दिया जाता है लेकिन इन दिनों कचरे के ढेर कई बार 9:00 बजे तक नहीं उठते हैं उधर बाजार में भी जगह-जगह दुकानदारों द्वारा कचरे के ढेर लगाकर सफाई व्यवस्था अवरुद्ध की जा रही है।




### लापरवाहों पर जुर्माना नहीं करना बना परेशानी

नगर पालिका द्वारा सड़क पर कचरा फेंके जाने को रोके जाने की कमजोर इच्छा शक्ति दिखाई पड़ती है नगर पालिका के पास शहर में कचरा फेंक कर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना करने के अधिकार है लेकिन नगर पालिका अपने इन अधिकारों का उपयोग कभी करती ही नहीं है। जिसके कारण शहर में कचरा सड़कों पर धड़ल्ले से फेंका जा रहा है। जगह-जगह कचरा के ढेर पड़े रहते हैं इन कचरे के कारण चूड़ी मार्केट सब्जी मंडी में नाले आए दिन रुक कर चल भराव की स्थिति भी निर्मित कर रहे हैं इन लापरवाही की वजह से नगर पालिका बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है लेकिन लापरवाहों पर चलने कार्रवाई नहीं करती है जिससे समस्या जस के तस बनी हुई है।




### बाजार में रहने वालों से अधिक सफाई पसंद बस्तीवासी

सफाई व्यवस्था की बात करें तो तंग बस्तियों में रहने वाले लोग शहर के बाजारों में रहने वालों से अधिक सफाई पसंद हैं। नगर पालिका के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था में तंग बस्तियों में रहने वाले लोग अपने घरों पर कचरा डस्टबिन में रखकर गाड़ी आने का इंतजार करते रहते हैं और जैसे ही गाड़ी आती है कचरा गाड़ी में डालकर कर्तव्य का पालन करते हैं जबकि शहर में रहने वाले लोग बाजारों में कचरा सड़क पर फेंक कर जिम्मेदारी से मुक्ति पा लेते हैं सड़कों पर फेके जाने वाले कचरे के ढेर सफाई कर्मी बाजार में जगह-जगह लगा देते हैं। जिन्हें उठाकर टचिंग ग्राउंड ले जाने का काम नगर पालिका के ट्रैक्टर ट्राली रोजाना कर रहे हैं।

### जुर्माने की कार्रवाई करेगे

जो दुकानदार और भवन स्वामी सड़क के बाहर कचरा फेंकते हैं उन पर जुर्मने की कार्रवाई करेंगे। किन्हीं कारणों से कचरा कभी-कभी देर से उठाया जाता है लेकिन सफाई व्यवस्था में कोई कमी नहीं है।

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

### बसपा नेता से विवाद के बाद गंवानी पड़ी थी अजाक थाना टीआई की कुर्सी

# लूपलाइन में चल रहे टीआई सुधीर हिन्नारिया का दतिया ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



करीब सालभर से लूपलाइन में चल रहे कार्यवाहक निरीक्षक सुधीर हिन्नारिया का ट्रांसफर हो गया है। पुलिस मुख्यालय से जारी ट्रांसफर ऑर्डर में उनका ट्रांसफर श्योपुर जिले से दतिया जिले में किया गया है। टीआई हिन्नारिया बसपा नेता मिश्रालाल बैरवा से हुए विवाद के बाद चर्चा में आए थे।

दरअसल पिछले साल जनवरी माह के दौरान जब हिन्नारिया श्योपुर के अजाक थाना टीआई थे, तब उनका विवाद बसपा नेता मिश्रालाल बैरवा से हो गया था। इस विवाद के दौरान टीआई हिन्नारिया ने बसपा नेता से अभ्रदता करते हुए उन्हें मोबाइल पर दलाल तक कह दिया था, जिसकी ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। इस मामले को लेकर बसपा नेता ने उनकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इसके चलते तत्कालीन एसपी के द्वारा टीआई हिन्नारिया को अजाक थाना प्रभारी से हटाते हुए लाइन हाजिर कर दिया था, जिसके बाद उन्हें आज तक किसी दूसरे थाने की कमान नहीं सौंपी गई है। बीती शाम को पुलिस मुख्यालय के द्वारा टीआई हिन्नारिया का श्योपुर से दतिया जिले में ट्रांसफर कर दिया।

# कॉलेज की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सलेंस में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को एसैप छात्र संघ श्योपुर के नेतृत्व में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में छात्रो से जुडी कॉलेज की समस्याओं का जल्द समाधान न किए जाने की स्थिति में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।

एसैप छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा की अगुवाई में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए कॉलेज गेट पर प्रदर्शन किया और कॉलेज प्राचार्य प्रतिनिधी लोकेन्द्र सिंह जाट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कॉलेज में भूगोल, संस्कृत सहित कई विषयों में शिक्षकों की कमी है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही छात्रों के मेजर विषयों में बिना पूर्व सूचना के बदलाव किया जा रहा है, जो छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि लगभग 6 महीने बीत जाने के बावजूद एससी,एसटी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति एवं आवास भत्ता फॉर्म का सत्यापन नहीं किया गया है। इस संबंध में जानकारी लेने पर छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा स्टाफ की कमी का हवाला देकर उन्हें वापस भेज दिया जाता है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है, वहीं सभी छात्र संगठनों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जा रहा है, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो छात्र संघ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# कलेक्टर ने किया कोषालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा बुधवार को कोषालय स्थित स्टांगरूम (कोषागार) का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कोषागार में रखे न्यायालयीन बहुमूल्य वस्तुएं, स्टाम्पों (नॉन ज्यूडीशियल, ज्यूडीशियल, नोटेरियल, स्पेशल एडेसिव) का भौतिक सत्यापन किया एवं स्टांगरूम की सुरक्षा में लगे गार्ड रूम एवं सिंगल लॉक का भी निरीक्षण किया गया। सत्यापन उपरांत कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दृढ़ कक्ष में बहुमूल्य वस्तुएं रखने के लिए नवीन अलमारियों की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अजय कुमार पाण्डोरिया प्रभारी सहायक संचालक सुरेन्द्र कटारिया, सहायक कोषालय अधिकारी गिर्राज शर्मा एवं राहुल शिवहरे और खजांची मोहन लाल जाटव एवं महेन्द्र कम्बोज उपस्थित रहे।

# नाके के कर्मचारियों पर अवैध वसूली और मारपीट का आरोप,चार पर एफआईआर

**श्योपुर।** नगर परिषद विजयपुर के सुनवई रोड पर लगे नाके पर जो कर्मचारी तैनात है,उनके द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। जो अवैध वसूली नहीं दे रहे है,उनके साथ मारपीट की जा रही है। इस तरह का आरोप लगाते हुए ग्राम टेंटरा निवासी चंद्रभान जाटव ने विजयपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत पर विजयपुर थाना पुलिस ने जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मारपीट और अवैध वसूली की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम टेंटरा निवासी चंद्रभान जाटव ने शिकायत दर्ज कराई कि सुनवई रोड पर लगे नगर परिषद के वाहन वसूली नाके पर जो कर्मचारी तैनात है,वे लोग अधिकार क्षेत्र से भी बाहर जाकर वाहनों से अवैध वसूली कर रहे है। जब वह मंगलवार की शाम को खेत से गेंहू लेकर विजयपुर अपने एक रिश्तेदार के यहां आ रहा था,तभी उससे नाके के कर्मचारियों ने नाके स्थल से करीब तीन किलोमीटर बंधपुरा तिराहे के पास रोक लिया और ट्रैक्टर ट्रॉली लाए जा रहे गेंहू की पर्ची कटवाने के लिए कहा। इस पर जब चंद्रभान ने कहा कि किसानों के माल की कोई पर्ची नहीं कटती है और यह क्षेत्र नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र से भी बाहर है। इसलिए यहां आकर वसूली करना सरासर अवैध वसूली है। दोनों तरफ से कहासुनी बढी तो नाके के कर्मचारियों द्वारा गाली गलौच करते हुए चंद्रभान की मारपीट कर दी गई। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने पंकज रावत, लल्ला रावत, छोटू रावत तथा छोटू के खिलाफ मारपीट और अवैध वसूली करने की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### स्कूलो में मना प्रवेशोत्सव,नए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर दिलाया प्रवेश

**श्योपुर।** जिले के सभी विद्यालयो में बुधवार को प्रवेश उत्सव मनाते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुई,बच्चों को स्कूल आगमन पर तिलक लगाकर प्रोत्साहित किया गया। जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में एडीएम रूपेश उपाध्याय, भाजपा नेता महावीर सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र जाट, जिपं उपाध्यक्ष नीरज जाट,नपा उपाध्यक्ष संजय महाना, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल,डीईओ यश जैन, बीईओ मधु शर्मा, डीपीसी भूपेंद्र शर्मा, जिला खेल अधिकारी अजय त्रिवेदी, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य अशोक खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

इसी क्रम में पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल गोहेडा में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्य विष्णुकांत शर्मा ने नए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और पुष्पहार पहनाकर स्कूल में प्रवेश दिलाया और विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन एवं अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी।






### रास्ते में गाड़ी खड़ी करने की बात पर झगड़ा,चले लातघूंसे,पांच जख्मी

**श्योपुर।** शहर के गणेश बाजार में मंगलवार की रात को दो पक्षों के बीच रास्ते में गाडी खडी करने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दोनो पक्ष के लोगो के बीच लातघूसे चल गए। विवाद में दोनों तरफ से पांच लोग चोटिल हो गए,जिन्हें कोतवाली थाना पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया और दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि विवाद के दौरान एक पक्ष से दो लोग आनंद खरे और बीर खरे जख्मी हो गए। वहीं दूसरी तरफ से शोएब अख्तर, फैजल तथा गोलू उर्फ अतीक चोटिल हो गए। दोनो पक्ष के लोगो को मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इसके बाद वीर पुत्र मल्ला खरे निवासी वार्ड क्रमांक 2 दलित बस्ती श्योपुर की रिपोर्ट पर विट्टू मेवाती तथा उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं शोयब अख्तर पुत्र शराफत मेवाती निवासी मेवाती मोहल्ला श्योपुर की रिपोर्ट पर आनंद बाल्मिकी तथा उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### 16 साल पुराने गैंगरेप के मामले में श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला,एक आरोपी दोषमुक्त

# गैंगरेप में एक आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास, 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

16 साल पुराने गैंगरेप के एक मामले में श्योपुर न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए एक आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी। विशेष बात यह है कि न्यायालय ने विचारण के दौरान एक आरोपी को दोष मुक्त तथा दूसरे आरोपी को फरार घोषित कर दिया है।

मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि यह मामला वर्ष 2008 में विजयपुर थाना क्षेत्र में सामने आया था। जहां एक युवती लापता हो गई थी। पुलिस ने जब युवती को बरामद किया तो उसके साथ तीन आरोपियों भरतलाल, गजराज उर्फ गजेन्द्र उर्फ बालकदास तथा मुंशी बाबा के द्वारा सामूहिक बलात्कार किए जाने की बात सामने आई। जिसके बाद विजयपुर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान विजयपुर न्यायालय में पेश किया।

इसके बाद में इस मामले की विवेचना तृतीय अपर सत्र न्यायालय श्योपुर ने करते हुए एक आरोपी भरतलाल को शंका का लाभ देते हुए वर्ष 2018 में बरी कर दिया। जबकि दूसरे आरोपी बालकदास बाबा को फरार घोषित कर दिया और फिर विचारण के दौरान आरोपी मुंशी बाबा पुत्र जयलाल रावत 60 वर्ष निवासी ग्राम इटावा थाना सबलगढ जिला मुरैना को अपहरण और गैंगरेप की धारा में दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास व 10 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

### फुफेरे भाई को रेप के मामले में 10 साल का कठोर कारावास

श्योपुर के तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने बलात्कार के एक अन्य मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी। विशेष बात यह है कि घर में घुसकर बलात्कार करने वाला आरोपी पीडित महिला का दूर के रिश्ते का फुफेरा भाई लगता है। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि आरोपी बबलू मीणा पुत्र बाबूलाल मीणा निवासी प्रेमसर के खिलाफ पीडित महिला ने 10 फरवरी 2024 को देहात थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी कि 1 नवंबर 2023 को जब उसका पति धान बेचने के लिए कोटा गया था,तभी रात्रि के दौरान आरोपी बबलू मीणा ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म कर दिया। महिला के चिल्लाने पर उसका ससुर दौडा तो आरोपी पीडिता को धमकी देकर मौके से भाग निकला। पीडिता का कहना था कि आरोपी वर्ष 2021 में उसके साथ दो तीन बार दुष्कर्म कर चुका है। लेकिन वह बदनामी होने के डर से उस समय चुप रही थी। न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान आरोपी बबलू मीणा को दोषी मानते हुए सजा सुना दी।

### फर्जी तरीके से दोनों पिता-पुत्र के खातों में भेजी गई थी बाढ़ राहत की राशि

# तहसीलदार के बाद बाढ़ राहत घोटाले में दो आरोपी और गिरफ्तार,दोनों आपस में पिता-पुत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ढाई करोड के बहुचर्चित बाढ राहत घोटाले में तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को जेल भेजने के बाद पुलिस ने अब दो आरोपियों को और गिरफ्तार किया है। अरेस्ट किए गए दोनों आरोपी मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करीरिया के निवासी है और आपस में पिता पुत्र है। जिनके खाते में बाढ राहत घोटाले के राशि बाढ पीडित बताकर डाली गई है। जबकि इनके घरों में बडौदा तहसील क्षेत्र में आई बाढ से कोई नुकसान नहीं हुआ था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाढ राहत घोटाले में बुधवार को पुलिस ने बडौदा एसडीओपी अवनीत शर्मा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को अरेस्ट किया है। इनमें रामअवतार सुमन निवासी करीरिया थाना मानपुर तथा इसका पिता हरिप्रसाद सुमन शामिल है। बता दें कि बडौदा तहसील क्षेत्र में जिन बैंक खातो में बाढ राहत की राशि डाली गई थी, उन बैंको खातो की पुलिस के द्वारा की जांच के दौरान कई फर्जी बाढ पीडित सामने आए है। जांच के दौरान पुलिस को जो फर्जी बाढ पीडित मिले है,उन सभी को पुलिस ने मामले में आरोपी बना दिया है। जिसके चलते इस मामले में आरोपियों की संख्या तहसीलदार, पटवारी और फर्जी बाढ पीडितो को मिलाकर 110 पहुंच गई है। बुधवार को पुलिस ने दोनो पिता पुत्र को अरेस्ट किए जाने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इन दोनो की गिरफतारी होने से अब तक इस मामले में गिरफ्तार किए जाने वाले आरोपियों की संख्या 31 पहुंच गई है।



### पुलिस की सक्रियता से उजागर हुआ घोटाला

ढाई करोड के बाढ राहत घोटाले को उजागर करने में पुलिस की अहम भूमिका रही है। वर्ना प्रशासन की जांच के भरोसे तो यह मामला कब का ही दब गया होता। क्योंकि प्रशासन की जांच में सिर्फ 6 पटवारी ही दोषी पाए गए थे और उनके खिलाफ ही बडौदा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। लेकिन जब तत्कालीन बडौदा एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले की जांच तो इस बाढ राहत घोटाले में कई चौकाने वाले फर्जीवाडे सामने आए है। जिसके चलते पुलिस ने बाढ राहत घोटाले में आरोपियों की संख्या 6 पटवारियों से बढाकर 110 कर दी।

### कार्यालयीन स्टाफ पर दया संदिग्ध

बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 में हुए इस बाढ राहत घोटाले में जिन 28 पटवारियों सहित 110 लोग आरोपी बनाए गए हैं वे सिर्फ बड़ौदा तहसील के ही नहीं अपितु बड़ौदा की उप तहसील पांडोला सर्किल के भी थे। लोग सवाल उठा रहे है कि पांडोला उप तहसील के पटवारियों पर एफआईआर तो हुई लेकिन इस मामले में तत्कालीन नायब तहसीलदार (पांडोला तहसील प्रभारी) भरत नायक का जिक्र तक नहीं है। बड़ौदा क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक दिव्यराज धाकड़, तहसील के बाबू सत्यनारायण शर्मा, दीपक राय एवं राजेश आर्य को आरोपी नहीं बनाना जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा उन पर दया दिखाना संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि इन लोगों के बिना एक रुपया भी गलत खाते में ट्रांजक्शन नहीं हो सकता है। इसके बाद भी इनसे पूछताछ न किया जाना कई सवालो को जन्म दे रहा है। विशेष बात तो यह है कि आरआई जो मॉनिटरिंग अधिकारी होता है,इसके बाद भी आरआई पर जांच की आंच न आना भी कई सवाल खडे कर रही है।

### कार्रवाई चल रही

तहसीलदार के बाद दो आरोंपियों को और अरेस्ट किया गया है। जिन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। अभी मामले में कार्रवाई चल रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे किसी भी सूरत में छोडा नहीं जाएगा।

**अवनीत शर्मा**
एसडीओपी,बडौदा

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष पहुंचे श्योपुर, दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में की भागीदारी

# पार्टी से गद्दारी करने वालों की कांग्रेस में कोई जरूरत नहीं: अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किसे पार्टी में लेना है किसे नहीं, यह निर्णय प्रदेश संगठन का है लेकिन मेरा मत यह है कि पार्टी से गद्दारी करने वालों की कांग्रेस में कोई जरूरत नही है। यह बात पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल भैया) ने बुधवार को एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलिए कार्यक्रम के तहत दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भागीदारी की।

ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए कई नेताओं के कांग्रेस में वापस आने की अटकलो के सवाल पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट जवाब दिया कि किसे पार्टी में लेना है या नहीं लेना है यह पार्टी नेतृत्व संगठन तय करेगा लेकिन मेरा मत यह है कि जिसने कांग्रेस के साथ गद्दारी की है उसकी कांग्रेस में कोई जगह नहीं है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाला समय महत्वपूर्ण है जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त है और सत्ता परिवर्तन चाहती है लेकिन सत्ता परिवर्तन तभी होगा, जब आप अपने निजी हितों का त्याग करेंगे। टिकट किसे मिलता है किसे नहीं मिलता है इस बात को छोड़कर कांग्रेस की सरकार बनाओगे तो सम्मान पाओगे वरना जिस तरह 25 सालों से अपमान झेलते आ रहे हो आगे भी जलते रहोगे। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने उद्बोधन देते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष के सम्मान में कहा कि वह हमेशा गरीब शोषित वर्ग के लोगों की चिंता करते हैं वह इतने नम्र स्वभाव के हैं कि उन्हें मैने कभी ऊंची आवाज में बात करते नहीं देखा।





## खबर संक्षेप

### जैन मिलन के पवन जैन पुनः बने अध्यक्ष



**अशोकनगर।** वर्ष 2026-27 के लिए बीती रात में थूबौन मार्केट में हुए इस चुनाव में जैन मिलन के समस्त वीरों ने पवन जैन को दूसरी बार फिर से अध्यक्ष पद सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया है। इस चुनाव प्रक्रिया में संतोष जैन डिस्क और निर्मल मिर्ची ने निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाई। सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराया, घोषणा के पश्चात सभी जैन मिलन के सदस्यों ने पवन जैन करैया को माला पहनाकर बधाइयां और शुभकामनायें दी गईं। अंत में पवन जैन ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने तथा समाज के हित में काम करने का संकल्प दोहराया।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने ग्राम माधौपुर निवासी सुनील पारदी के पास से पठार मोहल्ला ईदगाह के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के कोतवाली पुलिस ने पठार मोहल्ला घाटी के पास से 15 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढ़ौरा थाने की पुलिस से ग्राम अमौदा निवासी महाराज सिंह अहिरवार के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने मढी कानूनगो निवासी तुलसीराम साहू के पास से पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर निवासी आज्ञाराम कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद, तोफान और कप्तान कटारिया ने खेत में गडडा करने के लिए ट्रेक्टर का रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से तोफान सिंह कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजेन्द्र, आज्ञाराम और महेश कटारिया ने मेढ तोड़ने से मना करने पर उससे मारपीट की।जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ निवासी प्रवेन्दर कौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरप्रीत सिंह ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मौचार निवासी गुरूतेजसिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखरीत, लवप्रीत,नरवेल और परमजीत सिंह और उसके जीजा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आरटीई में प्रवेश पाने के लिए आज खुलेगी लॉटरी

**अशोकनगर।** शिक्षा के अधिकार आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए इस वर्ष जिले में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। जिले की 1608 सीटों के लिए 3044 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 2553 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। इससे हर सीट पर लगभग 2 बच्चों के बीच मुकाबला बना हुआ है। अब तक की स्थिति में कुल सीटें 1608 के लिए 3044 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें सत्यापित आवेदन 2553,लंबित आवेदन 491 है। सत्यापन 84 प्रतिशत है। जिला शिक्षा केंद्र अशोकनगर के जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा के अनुसार 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और चयनित बच्चों की सूचना अभिभावकों को एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। जिला आरटीई प्रभारी सहायक जिला परियोजना समन्वयक अभिषेक चैधरी ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होती है। बच्चों का चयन आरटीई पोर्टल के माध्यम से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा लॉटरी के जरिए किया जाता है। लॉटरी में चयनित बच्चों को उनके लॉगिन आईडी पर उनके आसपास के स्कूलों की सूची दिखाई जाएगी और उसी के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

### नईसरायं-शाढ़ौरा मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

# ग्राम बीसौर के समीप दो बाईक आपस में टकराईं, 2 युवकों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम बीसौर के समीप विपरीत दिशा से आ रहीं दो बाईक आपस में टकरा गईं। दोनों बाईक तेज गति से आ रही थीं, आपस में टकराते ही एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना में दोनों बाईकों पर सवार 3 युवक घायल हुए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

घटना जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा- नईंसराय मार्ग पर मंगलवार की सुबह 9 बजे हुई। घटना के बारे में बताया गया है कि ग्राम कलुआखेडी निवासी विशाल जाटव अपने रिश्तेदार सुनील जाटव के साथ बाईक क्रमांक एमपी 09 क्यूए 8207 से नईसरायं की ओर जा रहा था। जबकि बीसौर निवासी गोविंद नाथ, राजानाथ, और बंटी नाथ एक ही बाईक जिसका नम्बर एमपी67 एमसी 6298 है से अपने सपेरा डेरा पर लौट रहे थे। जब यह बाईक बीसौर गांव के पास से गुजर रहीं थी तभी दोनों बाईक आपस में अनियंत्रित होकर टकरा गईं। तेज स्पीड में होने के कारण विशाल जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बाईक पर सवार गोविंद नाथ ने अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनों बाईक सवारों के एक एक सदस्य की मौत हो गई।

### बाइक चालकों ने हेलमेट का उपयोग नहीं किया था



जिले में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में बाईक चालकों की मौत के मामले में यह देखने में आ रहा है कि बाईक चालकों द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण उन्हें अपनी जान गवाना पड़ रही है और कईं लोगों को सड़क दुर्घटना में घायल होने का सामना करना पड़ रहा है। अगर इस घटना में दोनो वाहन चालकों ने हेलमेट का उपयोग किया होता तो दुर्घटना से बचा जा सकता था। यातायात विभाग और पुलिस वाहनों के चालान तो बनाती है लेकिन हेलमेट न पहनने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करती। अगर हेलमेट न पहनकर वाहन चलानों पर सख्ती की जाए तो इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मजेदार बात यह है कि पुलिस यातायात सप्ताह का आयोजन करती है। कईं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया जाता है। लेकिन सख्ती नहीं होने के कारण वाहन चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण यह दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### पूर्व में हेलमेट लगाने के लिए कड़ा नियम बना था

इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व में जिला प्रशासन ने सख्त अभियान चलाया था जिसके अंतर्गत पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी किए गए थे कि हेलमेट न लगाने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। इस सख्ती के बाद वाहन चालकों ने हेलमेट लगाना प्रारंभ कर दिया था साथ में एक आदेश में लागू किया गया था यदि किसी पेट्रोल पंप संचालक द्वारा पेट्रोल बिना हेलमेट वाले वाहनों को प्रदान किया जाता है तो उनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया जाएगा। उस दौरान प्रशासन की सख्ती का असर सड़क दुर्घटनाओं पर भी देखने को मिला था। सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई थी और लोग अपनी जान बचाने के लिए हेलमेट का उपयोग करने लगे थे। शहर में पेट्रोल पंपों के पास हेलमेट बेचने वालों की दुकानें भी सज गईं थी, लेकिन शहर में हेलमेट को लेकर कोई अभियान उसके बाद से नहीं चलाया गया। अगर दुर्घटनाएं रोकना है तो हेलमेट लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

### मृतक के शव को थाना प्रभारी अपनी निजी वाहन में लेकर अस्पताल पहुंचे

घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई यह वाहन मौके पर पहुंचा जहां घटना स्थल से घायलों में से एक को नईसरायं अस्पताल और दो को शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए लाया गया। वाहन में जगह न होने के कारण नईसरायं के टीआई मनीष सिंह गुर्जर मृतक विशाल जाटव के शव को अपने निजी वाहन में रखकर शाढ़ौरा लेकर पहुंचे। इस घटना में दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम शाढ़ौरा अस्पताल में किया गया है। इस घटना में तीनों घायलों का उपचार चल रहा है, जिले में पिछले दो माह में इस तरह की कईं घटनाएं घटित हो चुकी हैं जिसमें बाईक सवारों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। यह घटना तो दिन की ही थी रात भी नहीं थी कि यह कहा जाता कि अंधेरा होने के कारण या किसी वाहन को साईड देने के प्रयास में वाहन संतुलन खो बैठा ऐसा भी नहीं हुआ। इन वाहनों के आपस में टकराने की घटना का कारण यह है कि यह वाहन तेज गति से चल रहे थे और आमने सामने आने के बाद भी वाहनों की स्पीड कम नहीं हुई और आपस में जा भिड़े। इस घटना में नईसरायं थाना प्रभारी मनीष गुर्जर की मानवीय संवेदना उभरकर सामने आई है। वह मृतक को अपने निजी वाहन में रखकर अस्पताल लेकर पहुंचे।

### एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी निलंबित

# चंदेरी में चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी में पिछले 24 मार्च से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल ने अब उग्र रूप ले लिया है। एक ओर जहां शहर कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन और कर्मचारियों के बीच का गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

**गंदगी के अंबार से जनता बेहाल** हड़ताल के कारण शहर की गलियों और मुख्य सड़कों पर नियमित सफाई पूरी तरह बंद है। कचरा वाहनों के पहिए थमने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। नागरिकों का कहना है कि वहनियमित रूप से टैक्स भरते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नरकीय स्थिति में रहने को मजबूर किया जा रहा है।

**कर्मचारियों के अपने तर्क हमारे साथ हो रहा छलावा** हड़ताली सफाई कर्मियों का आरोप है कि प्रशासन उनके साथ वादा खिलाफी कर रहा है। उनकी मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं

कर्मियों का कहना है कि वेतन न मिलने से उनके परिवारों का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है। सफाई कर्मी रूपेश गवरी को सेवा से हटाए जाने का विरोध किया जा रहा है और उन्हें वापस काम पर रखने की मांग पर कर्मचारी अड़े हुए हैं।

**सीएमओ की सख्त कार्रवाई और चेतावनी** मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने स्पष्ट किया है कि काम पर न लौटने वाले कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा यदि कर्मचारी काम पर वापस नहीं आए, तो निलंबन की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं सफाई कर्मियों की होगी।

**जनता का जनाक्रोश आज व्यापारिक प्रतिष्ठान रहेंगे बंद** प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से नाराज चंदेरी के जागरूक नागरिकों ने जनाक्रोश रैली निकालने का आवाहन किया है। यह रैली वुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निकाली जाएगी। शहर के समस्त व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराने की अपील की गई है।

शहरवासियों में स्थानीय नेतृत्व के खिलाफ भी गहरा असंतोष है। लोगों का आरोप है कि चंदेरी में भाजपा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और विधायक जैसे कद्दावर नेता होने के बावजूद शहर की स्थिति बद से बदतर हो रही है। नागरिकों का कहना है कि नेता केवल चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं, लेकिन संकट के समय जनता को गंदगी और अव्यवस्था के बीच अकेला छोड़ दिया गया है।

जिला मुख्यालय को सिक्स लेन हाईवे से कनेक्ट होने की संभावनाएं बनी

# सिंधिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से की मुलाकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



स्थानीय सांसद और भारत सरकार में दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद यह संभावनाएं बढ़ी हैं कि अशोकनगर जिला मुख्यालय को सिक्स लेन हाईवे से जोड़ा जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर से नागपुर तक बनाए जा रहे सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है। यह एक्सप्रेस वे मुरैना से ग्वालियर होते हुए अशोकनगर जिले के चंदेरी से मुंगावली बंगला चैराहे होते हुए गुजरेगा। इस सिक्स लेन हाईवे को चंदेरी से अशोकनगर होते हुए बंगलाचैराहे से निकाले जाने की मांग जिले भर जन प्रतिनिधि में विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष ,जिला भाजपा अध्यक्ष सभी कर चुके हैं। इस सिक्स लेन वे को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात की है जिसके बाद यह संभावनाएं बढ़ी हैं कि अशोकनगर जिले की इस बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा किया जा सकेगा। मुरैना से नागपुर तक प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ एक्सप्रेस वे को यदि स्वीकृति मिलती है तो अशोकनगर जिले को विकास की नई संभावनाओं से जोड़ा जा सकेगा और यहां की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकेगी।

### धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव आज

**अशोकनगर।** पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर कईं आयोजन होगें। उन्होंने बताया कि जिन हनुमान जी महाराज के नाम से सारे संकट कट जाते हैं ऐसे हैं श्री हनुमान जी महाराज उनका जन्म उत्सव बहुत ही उत्साह पूर्वक सभी श्रद्धालुओं द्वारा सनातन धर्म की रक्षा हो एवं क्षेत्र में सुख शांति हो और विश्व में मंगल हो इसी कामना के साथ श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज भाव के भूखे हैं भाव से सेवा करने पर उसको अष्ट सिद्धि नौ निधि प्रदान करते हैं यहां पर श्री हनुमान महाराज जी के जन्म उत्सव पर 108 सुंदरकांड पाठ श्रद्धालुओं की मदद से किए जाते हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा किए जाएंगे एवं पंचमुखी हनुमान जी महाराज के 11 पाठ पुजारी श्री पंचमुखी हनुमत कवच के साथ पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा किए जाएंगे।एक पंचमुखी हनुमत कवच से दोपहर 1 बजे से हवन किया जाएगा एवं हनुमत सहस्त्रनाम पाठ का भी उच्चारण किया जाएगा।

### फेसबुक पर थ्रेसर का सौदा कर 1 लाख रुपए की ठगी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत फेसबुक पर ऑनलाईन खरीदी के नाम पर एक लाख रूपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद ठगे गए ग्रामीण ने चंदेरी थाने में शिकायत की है। ग्राम गोराकला निवासी 50 वर्षीय दुर्गासिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि थ्रेसर बेचने के नाम से अज्ञात आरोपियों ने फेसबुक पर डेढ लाख रूपए में थ्रेसर बेचने की पोस्ट डाली थी, जिसमें मोबाइल नंबर भी दिए गए थे, उन नंबरों पर चर्चा करने के बाद आरोपी ने सौदा तय कर लिया। जब एडवांस के रूप में रूपए मांगे गए तब फरियादी ने अलग अलग तारीखों में एक लाख 11 रूपए विभिन्न मोबाइल नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। पहले 10 रूपए 7 मार्च को भेजकर ट्रांजेक्शन चैक किया गया, इसके बाद 20 हजार, 40 हजार फिर 20 हजार और बाद में 20001 रूपए आरोपी के खाते में भेजे गए। जब रूपए भेजने के बाद थ्रेसर भेजने की बात कही गई तब उसने कहा कि थ्रेसर लेकर आने वाली गाड़ी राजस्थान में फंसी हुई है और वह और पैसे की मांग करने लगा। शक होने पर उसने पैसा देने से इन्कार कर दिया और थ्रेसर भेजने को कहा। जिसके बाद न तो उसने थ्रेसर भेजा और न ही उसे पैसे वापिस किए। पुलिस ने ग्रामीण के आवेदन के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

# जनसुनवाई में 116 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्या, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 116 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गूगलमीट से समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुडे रहे। जनसुनवाई में ग्राम ढाकोनी निवासी अनीता यादव द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने, ग्राम मारूखेड़ी निवासी रमेश कुमार द्वारा नक्शा दुरुस्त कराए जाने, अमाई पछार निवासी नोनीतराम अहिरवार द्वारा निजी कुआं गहरीकरण कराए जाने ,ग्राम सिलावन निवासी श्याम लाल अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम रैझा निवासी चैन सिंह अहिरवार द्वारा नक्शा बनवाये जाने, ग्राम पड़रिया निवासी विमला बाई कुशवाहा द्वारा राशन दिलाए जाने ,ग्राम देवरछी निवासी शंकर यादव द्वारा बमोरीटाका पंचायत निर्माण कार्यों की जांच कराए जाने, ग्राम झीला निवासी वंदना रघुवंशी द्वारा ससुराल से आवश्यक दस्तावेज दिलाए जाने, ग्राम लिधौरा निवासी राजा द्वारा मुआवजा दिलाए जाने, वार्ड क्रमांक 13 निवासी योगेश कुमार त्रिपाठी द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाए जाने संबंधी सहित अन्य समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, सोनम जैन,एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### बच्चों और उनके अभिभावकों को पौधे किए गए वितरित

# टीएव्ही हायर सेकेंडरी विद्यालय ने घोषित किया वार्षिक परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



नगर के बहुचर्चित विद्यालय टीएव्ही हायर सेकेंडरी विद्यालय में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बच्चों एवं उनके माता-पिता को एक-एक पौधा विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिया गया। सभी अभिभावकों को शपथ दिलाई गई की जिस तरह आप अपने बच्चों की परवरिश करते हैं इस तरह इस पौधे की भी परवरिश करें जिससे कि हमें आने वाले समय में स्वच्छ वातावरण मिल सके।

भाजपा जिला महामंत्री एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेश ग्वाल ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया एवं उनके अभिभावकों को एक- एक पौधा प्रदान किया और यह शपथ दिलाई की आप सब बच्चे राष्ट्र का निर्माण करेंगे एवं अपने आसपास सभी लोगों को प्रेरित करें की प्रकृति को हरा भरा रखें और अपने घर के आस-पास एक पौधा अवश्य लगेये उनके द्वारा विद्यालय में पौधारोपण किया गया और यह संदेश जन-जन तक पहुंचे विद्यालय की इस पहल की सभी नगर वासियों एवं अभिभावकों ने सराहना की है। वहीं स्कूल अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन ने कहा कि विद्यालय का सभी अभिभावकों को यही संदेश है कि जिस तरह आज आप अपने बच्चों की देखरेख करते हैं। इस तरह हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन के लिए हमारे जीवन में बड़ी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले पेड़ों के लिए भी आप अपने बच्चों की तरह पाले एवं उनका समय से पानी खाद देकर बड़ा करें।

वही विद्यालय में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 11वीं तक के बच्चों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया जिसमें सभी बच्चों ने अच्छे अंकों से पास होकर अपने मां-बाप विद्यालय एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का नाम रोशन किया वहीं इस मौके पर स्कूल अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन, स्कूल प्राचार्य डॉ धमप्रिया,स्कूल सीईओ पुनीत जैन, परीक्षा प्रभारी खेल प्रशिक्षक जावेद खान, शिक्षक अंबर शाह, सागर सुमन,सहित समस्त स्टाफ, बच्चों के माता-पिता एवं भारी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

### श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति ने किया मंगलाचार

# धूमधाम से मनाया महावीर जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जैन महिला महासमिति ने आदिनाथ जयंती से लेकर महावीर जयंती तक घर-घर मंगलाचार बड़े उत्साह पूर्वक मनाया। बगीचा मंदिर से शुरू हुआ यह उत्सव हर रोज शाम को भक्तांबर पाठ के साथ विभिन्न प्रतियोगिता के साथ एवं मनमोहक कार्यक्रम के साथ यह प्रोग्राम बड़े उत्साह के साथ हुआ।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी के मार्गदर्शन में महामंत्री प्रियंका जैन के द्वारा कराया गया। अंतिम पांच दिनों में प्रथम दिवस महावीर भगवान के जन्म से पहले माता की गर्भ से पूर्व की क्रियाएं की गईं। इस अवसर पर माता बनने का सौभाग्य अंजलि सिंघई को प्राप्त हुआ, इसमें अष्ट कुमारियों ने माता की सेवा करती हुई नाटिका मंचन किया। छोटी-छोटी बालिकाओं ने नृत्य किया एवं मंगलाचरण से मंत्री वर्षा सिंघई एवं ग्रुप डांस अंजलि बर्तन के द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस में माता की 16 सपने दिखाएं जिसमें माता बनने का सौभाग्य चंचल जैन एवं पिता सिद्धार्थ बनने का सौभाग्य वरिष्ठ सदस्य नंदा सोनी को मिला। मंगलाचरण सपना भिलाई ग्रुप द्वारा किया गया। सदस्यों द्वारा 16 स्वपनों का बड़ा सुंदर मनमोहक प्रोग्राम हुआ एवं उनका फल भी बहुत सुंदर तरीके से बताया गया। समिति द्वारा शांति जैन शिखर की 111 वंदना के उपलक्ष में समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया। तृतीय दिवस में माता की गोद भराई का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें माता बनने का सौभाग्य महामंत्री प्रियंका जैन एवं पिता सिद्धार्थ बनने का सौभाग्य सुरभी पंसारी को मिला। गोद भराई का कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी सपना अजमेरा एवं नीता लोहारिया द्वारा किया गया। सभी वरिष्ठ पदाधिकारी ने गोद भराई का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से किया। मंगलाचरण युवा प्रकोष्ठ विनीता जैन मिर्ची ने किया एवं ग्रुप मंगल गान सिम्मी अर नेहा और मनीषा द्वारा किया गया। वहीं वही चतुर्थ दिवस में इंद्रसभा लगाई गई जिसमें माता बनने का सौभाग्य सिम्मी जैन एवं पिता अंजलि सिंघई को मिला। इसमें हमारे सभी वरिष्ठ सदस्य इंद्राणी जुगल जोड़ी के रूप में प्रस्तुत रहे। स्वधर्म इंद्र नंदा सोनी इंद्राणी राजकुमारी जैन प्रतिभा जैन सविता पंसारी अभिलाषा पत्रकार विनीता मिर्ची सुषमा बढ़ जात्य कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा मोनिका समता जैन स्वाति गुलजारी नीलम जैन आदि आदि इंद्र इंद्राणी के रूप में बड़ा ही सुंदर नाट्य प्रस्तुत किया। अंतिम पांचवें दिन महावीर स्वामी का जन्म जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरा कार्यक्रम इंदु दीदी के सानिध्य में हुआ। जिसमें माता बनने का सौभाग्य अंजू श्रृंगार एवं पिता अभिलाषा देरखा को मिला। इंद्राणी प्रियंका जैन एवं सो धर्म इंद्र विनीत सोनी को मिला कार्यक्रम में सांस्कृतिक सचिव प्रीति भंडारी का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। प्रोग्राम में मंगलाचरण डॉली जैन ग्रुप ने प्रस्तुत किया।

भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान का जन्म बधाई गीत नृत्य सभी महिला महासमिति के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। वहीं अरु जैन ग्रुप ने बधाई गीत प्रस्तुत किया। इस दिन सभी को परितोषित वितरण वितरण इंदु गांधी द्वारा किया गया। महावीर जयंती में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं हरसोला से जुलूस में शामिल हुए।